४५– पूर्व में — ॐ में अं ब्राह्म्यैनमः ।

४६– अग्निकोण में— ॐ ईंमाहेश्वर्य्यैनमः ।

४७– दक्षिण में— ॐ ॐ कौमार्यैनमः ।

४८– निर्ऋति कोण में— ॐ ऋं वैष्णव्यैनमः ।

४९– पश्चिम में— ॐ ॡ वाराह्यैनमः ।

५०– वायव्यकोण में— ॐ ऐं इन्द्राण्यैनमः ।

५१– उत्तर में— ॐ औं चामुण्डायैनमः ।

५२– ईशानकोण में— ॐ अः महालक्ष्म्यैनमः ।

इस प्रकार सप्तमावरण देवताओं का पूजन कर पुष्पाञ्जलि लेकर "अभीष्टसिद्धिम्मेदेहि शरणागतवत्सले ॥ भक्तया समर्पयेतुभ्यं सप्तमावरणार्चनम् ॥ इतना कह कर पुष्पाञ्जलि देकर पूजितास्तर्पिताःसन्तु" यह कहकर सप्तमावरणदेवतापूजनादि कर्म समाप्त करे ।

॥ इतिसप्तमावरण विवेचनम् ॥

आगे अष्टम आवरण के देवता प्रारम्भ होंगे द्वितीय अष्टदल के अग्रभाग में –

५३– पूर्व में— ॐ सों सोमायनमः ।

५४– अग्निकोण में— ॐ भौं भौमायनमः ।

५५– दक्षिण में— ॐ बुं बुधायनमः ।

५६– नैर्ऋत्य में— ॐ बृं बृहस्पतयेनमः ।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

५७– पश्चिम में— ॐ शुं शुक्रायनमः ।
५८– वायव्य में— ॐ शं शनैश्चरायनमः ।
५९– उत्तर में - ॐ रां राहवेनमः ।
६०– ईशान में— ॐ कें केतवे नमः ।

इस प्रकार अष्टमावरण देवताओं का पूजन कर पुष्पाञ्जलि लेकर "अभीष्टसिद्धिम्मेदेहि शरणागतवत्सले। भक्त्या समर्पयेतुभ्यमष्टमावरणार्चनम् ।। इतना कह कर पुष्पाञ्जलि देकर "पूजितास्तार्पिताः सन्तु कहकर अष्टमावरण-देवतापूजनादि कर्म समाप्त करे ।

।। इति अष्टमावरणदेवता समाप्त ।।

आगे नवमावरण देवता प्रारम्भ होंगे भूपुर में—

६१– पूर्व में— ओं लं इन्द्रायनः ।
६२– अग्निकोण में— ॐ रं अग्नेयनमः ।
६३– दक्षिण में— ॐ मं यमायनमः ।
६४– निर्ऋति में— ॐ क्षं निर्ऋतयेनमः ।
६५– पश्चिम में— ॐ वं वरुणायनमः ।
६६– वायव्य में— ॐ वां वायवेनमः ।
६७– उत्तर में— ॐ सों सोमायनमः ।
६८– ईशान में— ॐ ईं ईशानायनमः
६९– ईशान पूर्वमध्य में— ॐ आं ब्रह्मणेनमः ।
७०– निर्ऋति पश्चिम मध्य में— ॐ अं अनन्तायनमः ।

इस प्रकार नवमावरण देवताओं का पूजन कर–पुष्पाञ्जलि लेकर "अभीष्टसिद्धिम्मेदेहि शरणागतवत्सले । भक्तया समर्पयेतुभ्यन्नवमावरणार्चनम् । इतना कहकर पुष्पाञ्जलि देकर "पूजितास्तर्पिताः सन्तु" यह कहकर नवमावरण देवता पूजनादि कर्म समाप्त करे ।

।। इति नवमावरण विवेचनम् ।।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

अर्थ दशम आवरण के देवता प्रारम्भ होंगे— भूपुरकेकुछहीदूर—

७१— पूर्व में— ॐ वं वज्रायनमः ।
७२— आग्नेय में— ॐ शं शक्तयेनमः ।
७३— दक्षिण में— ॐ दं दण्डायनमः ।
७४— नैर्ऋत्य में— ॐ खं खड्गायनमः ।
७५— पश्चिम में— ॐ पं पाशायनमः ।
७६— वायव्य में— ॐ अं अङ्कुशायनमः ।
७७— उत्तर में— ॐ गं गदायैनमः ।
७८— ईशान में— ॐ त्रिं त्रिशूलायनमः ।
७९— ईशान पूर्व मध्य में— ॐ पं पद्मायनमः ।
८०— निर्ऋति पश्चिम मध्य में— ॐ चं चक्रायुधायनमः ।

॥ इति दशम आवरण देवता समाप्त ॥

इत्यावरण देवताः स्थापयेत् तदनन्तरम्प्रपूजयेत् ।

इस प्रकार आवरण देवताओं को स्थापित करके पूजन करे पश्चात् पुष्पाञ्जलि लेकर "अभीष्टसिद्धिम्मेदेहि शरणागतवत्सले । भक्त्यासमर्पयेतुभ्यन्द-शमावरणार्चनम्" यह पड़कर पुष्पाञ्जलि देकर 'पूजितास्तर्पिताः सन्तु' ऐसा कहकर दशमावरण देवता पूजन समाप्त करे ।

इत्थमावरणैर्देवीन्दशभिः परिपूजयेत् । धर्मार्थकाममोक्षाणाम्भोक्तास्या-द्द्विजसत्तमः ।

विशेष सङ्केत—इस प्रकार समस्त आवरण पूजन विधिवत् करने के पश्चात्-घटस्थापनादि कार्य करके भगवती श्री गायत्रीदेवी की मूर्ति स्वर्णमयी या रजतमयी आदि किसी भी धातु की हो उसकी प्राण प्रतिष्ठा पर्यन्त सभी संस्कार करके विधिवत् पूजन करे (यदि धातुमयी मूर्ति न हो तो चित्र में भी पूजनादि कार्य करे)

पश्चात् गायत्री महामन्त्र का जप करना चाहिये । यदि यन्त्र न हो तो स्नान करके सूर्य को अर्घ्य देकर जप करे अधिक जो जितना विधान

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

कर सके करे। कलियुग में विशेष विधान की आवश्यकता नहीं है। केवल देवता में तन्मय होकर देवता का गुणगान ही सर्वश्रेयस्कर है। शीघ्र देवता प्रसन्न होता है।

॥ श्रीगायत्रीमहामन्त्र ॥

ॐभूर्भुवःस्वः तत्सवितुर्वरेण्यंभर्गो देवस्य धीमहिधियोयोनः प्रचोदयात्॥
यही श्री गायत्री है इसका जप करना चाहिये।

॥ अथ प्रसङ्गवश षट्चक्र विवेचन ॥

चक्र	स्थान	दल	देवता
१– मूलाधार चक्र	गुदा के समीप	४	ब्रह्मा
२– स्वाधिष्ठान चक्र	लिङ्ग के समीप	६	विष्णु
३– मणिपूर चक्र	नाभि स्थान में	१०	रुद्र
४– अनाहत चक्र	हृदय में	१२	ईश
५– विशुद्धि चक्र	कण्ठ में	१६	सदाशिव
६– आज्ञा चक्र	भ्रूमध्म में	२	शम्भु
७– सहस्त्रार (शून्य चक्र) आदि।	ब्रह्मरन्ध्र में	१००	कामेश्वरी

तत्व	गुण	मात्रायें
१– पृथ्वी	गन्ध	व श ष स
२– जल	रस	व भ म य र ल
३– तेज	रूप	ड ढ ण त थ द ध न प फ
४– वायु	स्पर्श	क ख ग घ ङ च छ ज झ ट ठ
५– आकाश	शब्द	अ आ इ ई उ ऊ ऋ ॠ ऌ ॡ ए ऐ ओ औ अं अः
६– मन	महत्	ह क्ष
७– आत्मा		

सङ्केत—हठ योग में इन चक्रों के अतिरिक्त—१. चित्रकूट २. श्री हाट ३. गोल्लाट ४. औटपीठ ५. भ्रमर गुफा ६. ब्रह्मरन्ध्र आदि चक्र और भी हैं। यह विषय महात्माओं से प्राप्त हुआ तथा शास्त्राधार भी है।

॥ इति चक्र विवेचन ॥

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

अथ गायत्री मन्त्र के प्रत्यक्षर के ऋषि आदि का चक्र

	तत्पुरुषाय विद्महे	महादेवाय धीमहि	तन्नो रुद्रः प्रचोदयात्	तत्पुरुषाय विद्महे	वक्रतुण्डाय धीमहि	तन्नो दन्तिः प्रचोदयात्	तत्पुरुषाय विद्महे	सुवर्णपक्षाय धीमहि	तन्नो गरुडः प्रचोदयात्		
१— तत्	वामदेव	गायत्री	अग्नि	परा	चम्पा	पृथ्वी	सुमुख
२— स	अत्रि	उष्णिक	प्रजापति	प्रिया	अतसीपुष्प	जल	सम्पुट
३— वि	वशिष्ठ	अनुष्टुप्	चन्द्रमा	सत्या	मूँगा	तेज	वितत
४— तु	शुक्र	बृहती	ईशान	विश्वा	स्फटिक	वायु	विस्तृत
५— र्व	कण्व	पङ्क्ति	रवि	भद्रविलासिनी	कमलपुष्प	आकाश	द्विमुख
६— रे	पराशर	धृति	रवि	प्रभावती	रविवर्ण	गन्ध	त्रिमुख
७— णि	विश्वामित्र	जगती	धृति	जया	शङ्खचन्द्र-कुन्द	रस	चतुर्मुख
८— यम्	कपिल	शक्वरी	मित्रावरुण	शान्ता	रक्त कमलदल	रूप	पञ्चमुख
९— भ	शौनक	अतिशक्वरी	भग	कान्ता	पद्मराग	शब्द	षण्मुख
१०— र्गो	याज्ञवल्क्य	वेष्टाति	ईश्वर	दुर्गा	इन्द्रनीलमणि	स्पर्श	अधोमुख
११— दे	भरद्वाज	अतिधृति	गणेश	सरस्वती	मोती	पायु	व्यापकाञ्जलि
१२— व	जमदग्नि	विराट्	त्वाष्ट्र	विद्रुमा	कुङ्कुम	पाद	शकट

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

१३–स्य	गौतम	प्रस्तार	पौष्ण	विशालेशा	काजल	हस्त	यमपाश
१४–धी	मुद्गल	पङक्ति	इन्द्राग्नि	विमला	रक्तचन्दन	वागिन्द्रिय	ग्रथित
१५–म	वेदव्यास	कृति	वायु	तपोऽपहारिणी	वैडूर्य्य	नासिका	सनमुखोन्मुख
१६–हि	लोमश	प्रकृति	वामदेव	सूक्ष्मा	मधु	घ्राण	प्रलम्ब
१७–धि	अगस्त्य	आकृति	मैत्रावरुणि	विश्वयोनि	कुन्ददुग्ध	जिह्वा	मुष्टिक
१८–यो	कौशिक	विकृति	विश्वदेव	जया	हल्दी	चक्षुः	मत्स्य
१९–यो	वत्स	संस्कृत	मातृक	वशा	सूर्यकान्तमणि	त्वचा	कूर्म
२०–नः	पुलस्त्य	अक्षरपंक्ति	विष्णु	पद्मालया	सुग्गे की पूंछ	श्रोत्र	वाराहक
२१–प्र	माण्डूक	भूः	वसुगण	परा	कमल	प्राण	सिंहाकान्त
२२–चो	दुर्वासा	भुवः	रुद्र	शोभा	केतकी	अपान	महाकान्त
२३–द	नारद	स्वः	कुबेर	भद्रा	मल्लिका	व्यान	मुद्गर
२४–यात्	कश्यप	ज्योतिष्मती	अश्विनी	त्रिपदा	कनैर पुष्प	समान	पल्लव

कुमार

सङ्केत :– जप के अन्त में ८ मुद्रायें १– सुरभी २– ज्ञान ३– वैराग्य ४– योनि ५– कूर्म ६– पङ्कज ७– लिङ्ग ८– निर्वाण करने का विधान है । कुछ आचार्य लोग इन ८ मुद्राओं को (परोरजसेसावदोम्) यह गायत्री का चतुर्थ चरण है इस चरण के प्रतिअक्षर की एक-एक मुद्रा मानते हैं । परन्तु इसका पुष्ट प्रमाण नहीं मिला है । विचार से तो शुद्ध प्रतीत होते हैं । अनेक आचार्य्यों ने बतलाया है ।

जपनियमः-भिन्नपादातु गायत्री ब्रह्महत्याप्रणाशिनी । अभिन्नपादा गायत्री ब्रह्महत्यां प्रयच्छति दे०भा० ११ स्कन्ध ।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

भूरादिसप्तव्याहृतिव्याख्या ।

भूराद्याश्चैव सत्यान्तास्सप्तव्याहृतयस्तथा ।
लोकास्तएवसप्तैते उपर्युपरि संस्थिताः ।।१।।
सप्तव्याहृतयः प्रोक्ताः पुराकल्पेस्वयम्भुवा ।
तएवसप्तछन्दासि लोकास्सप्त प्रकीर्तिता ।।२।।

।। भूः ।। (१)

भवन्ति चास्मिन्भूतानि स्थावराणि चराणि च ।
तस्माद् भूरितिविज्ञया प्रथमाव्याहृतिस्स्मृता ।।१।।

व्याख्या—भूधातोः क्विपि भूरिति-पूर्ण इत्यर्थः अथवा भवन्त्यस्माद् भूतानि-इतिभूरिति । अधिकरणार्थकःक्विप् सर्वजीवोत्पादक इत्यर्थः किञ्च सकल सृष्ट्युत्पादकत्वेन भूरिति । । भूतिवरत्वाद् भूरिति । लक्ष्मीपतित्वाद् भूरिति ।

हिन्दी भावार्थ—जो परिपूर्ण हो वह भू इति । जिससे समस्त प्राणियों की उत्पत्ति हो वह भू इति । जो लक्ष्मी का पति हो वह भू कहलाता है । जो प्राणों का प्राण हो वह भू कहलाता है ।

।। भुवः ।। (२)

भवन्ति भूयो भूतानि उपयोगक्षयेपुनः ।
कल्पान्तउपभोगाय भुवस्तस्मात् प्रकीर्तितः ।।२।।

व्याख्या—भावयति स्थापयति विश्वमिति भुवः । अन्तर्भावितण्यर्थादसुनिछान्दसत्वाद् गुणाभावः ।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

अथवा–भावनाज्जगदुत्पादनाद् भुवः ण्यर्थ विशिष्ट भूधातोः कः प्रत्ययः ।

अथवा--भवत्यस्मिज्जगति भूर्महालक्ष्मीस्ततो वरो लक्ष्मीश्रेष्ठ इत्यर्थः ।

अथवा–अनन्त सुखस्वरूपत्वाद् वा भुवः, जगदुत्पाद कत्वाद्वा ।

हिन्दी भावार्थ—जो अनन्त सुख स्वरूप हो । जो संसार को स्थापित करे । जो संसार का उत्पादक हो वह भुवः कहलाता है । तथा जो दुखों से मुक्त करने वाला हो वह भुवः कहलाता है ।

॥ स्वः ॥ (३)

शीतोष्णवृष्टितेजांसि जायन्ते तानि वैसदा ।
आलयः सुकृतानाञ्चस्वर्लोकस्य उदाहृतः ॥३॥

व्याख्या–स्वरितिस्वर्गे-परलोकेच-स्वश्शब्दः सुखवाची ।

हिन्दी भावार्थ—स्वका अर्थ स्वर्ग अथवा परलोक भी है । अथवा जो सुख स्वरूप हो । शीत-उष्ण-वृष्टि तेज जहां हो तथा पुण्यात्मा जहां हों ।

॥ महः ॥ (४)

अधरोन्तरलोकेभ्योमहांश्च परिमाणतः ।
हृदयंसप्तलोकानां महस्तेनप्रकथ्यते ॥४॥

व्याख्या–महपूजायाम्-अस्माद्धातोः-असुनिप्रत्यये । महः पूज्यः-इत्यर्थ ।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

हिन्दी भाषार्थ—सप्तलोकों में महः यह एक लोक है। अथवा जो पूज्य हो मह शब्द से गृहीत होता है।

॥ जनः ॥ (५)

कल्पदाहे प्रलीनास्तु प्राणिनस्तु पुनः पुनः ।
जायन्ते च पुनः स्वर्गे जनस्तेन प्रकीर्तितः ॥५॥

व्याख्या—जनजननेधातोः कर्तर्य्यसुनिप्रत्यये-जन-इति । सर्वजनकर्ता । सकलजननकर्तृत्वाज्जनः ।

हिन्दी भाषार्थ—कल्पान्त से दग्ध होने से जो प्राणी पुनः-पुनः स्वर्ग में उत्पन्न हों अतएव उसको जन कहते हैं अथवा सकल जन का जो कर्ता हो वह जन कहलाता है।

॥ तपः ॥ (६)

सनकाद्यास्तपस्सिद्धा ये चान्ये ब्रह्मणःसुताः ।
अधिकारनिवृत्तास्तु तिष्ठन्त्यस्मिन्तपस्ततः ॥६॥

व्याख्या—तप् आलोचनेऽस्माद् धातो रसुनिप्रत्यये-तप इति सर्वविषयकालोचनकर्तृत्वात्तपः । आलोचनकर्ता ।

हिन्दी भाषार्थ—जिस लोक में सनकादि ऋषीवर अधिकार निवृहोकर रहते हैं वह तपलोक है।

सत्यम् (७)

सत्यन्तु सप्तलोकावै ब्रह्मणस्सदनन्ततः ।
सर्वेषाञ्चैव लोकानाम्मूर्ध्निसन्तिष्ठते सदा ॥७॥

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

ज्ञानकर्मप्रतिष्ठानान्तथा सत्यस्यभाषणात् ।
प्राप्यते चोपभोगार्थम्प्राप्यन्नच्यवते पुनः ॥८॥
तत्सत्यं सप्तमोलोकस्तस्मादूर्ध्वन्न विद्यते ।
व्याख्या–उत्तमज्ञानानन्दरूपत्वात् सत्यम् ।
अथवा–कालत्रयाऽबाध्यत्वं सत्वत्वम् ॥

हिन्दी भाषार्थ – ब्रह्मा जी का लोक का नाम सत्यलोक है जहां सभी सत्य बोलते हैं। उस लोक से ऊपर लोक नहीं है। जहां उत्तम ज्ञान तथा आनन्द रूप होने से सत्य कहते हैं। तीनों काल में भी जहां सत्य का बाध नहीं होता है वह सत्य लोक है।

ओमिति

व्याख्या–सिद्धानाञ्चैवसर्वेषाम्वेदवेदान्तयोस्तथा ।
अन्येषामपिशास्त्राणान्निष्ठाप्योङ्कारउच्यते ॥

व्याख्या–अवधातुर्गतिकर्मा - प्रवेशकर्माचअव्यतेप्रविश्यते गुणैरितिओम् अथवा अवति प्रविशतिगुणानिति ओम् ।

अवधातोच " अवतेष्टिलोपः " इत्यनेनोणादिसूत्रेण मन्प्रत्यये टिलोपे सति " ज्वरत्वर० " इत्यादि कृदन्त सूत्रेण वकास्योपधायाश्चद्वयोरूठोः सवर्णदीर्घत्वे गुणेसति । ओम्' इति सिद्ध्यति । अवतिरक्षति । जानाति-गच्छति व्याप्नोति । प्रकाशयति । प्रीणयति । वर्द्धयति । लीनङ्करोति । ददाति । हिंसति । आलिङ्गयति । प्रदर्शयति । दीप्यति ।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

इच्छति। चालयति। पाचयति। तर्पयति इत्यादयोऽनेकेऽर्थाः-सन्ति। कृन्मेजन्त इत्यनेनाव्ययत्वम्।

हिन्दी भाषार्थ—ॐ यह प्रणव है प्रत्येक मन्त्र का सेतु है अर्थात् जैसे अथाह नदी को पुल से पार करने में कठिनता नहीं होती है इसी प्रकार ॐ इस प्रणव के सहित मन्त्र जपने से मन्त्रों की कठिनता शीघ्र दूर हो जाती है। ॐ ब्रह्म है ब्रह्म की महाशक्ति ही त्रिपदी गायत्री है एक एक पाद में विशेष रहस्य भरे हैं। तीन वेद, तीन देवता, तीन काल आदि का पूर्ण रहस्य त्रिपदा गायत्री में है। नाद-विन्दु और कला की त्रिपुटी भी तीनों पादों में स्थित हैं। प्रत्येक सम्प्रदाय वाले अपने-अपने मतानुसार तीनों का सम्मेलन करके अत्यानन्द को प्राप्त होते हैं ॐ की उपासना ही परब्रह्म की उपासना है ॐ के विना मन्त्र में शक्ति ही नहीं आ सकती है। ॐ का अर्थ है जो संसार से पार करे। जो संसार को अपने मन में लीन करे। जो अनेक सुख प्रदान करे। जो काम, क्रोध, लोभ, मोह, मद, मत्सर आदि को नाश करे। जो उपासक को अपने मन से सम्वन्धित करे। जो आत्मदर्शन करावे। जो प्रकाश से अज्ञान नष्ट करे। जो प्राणियों को सन्मार्ग पर लगावे। जो संसार का चालक है जो सर्वज्ञ है। जो रक्षक है। जो प्रकाशक है। जो आनन्द स्वरूप है जो सर्वज्ञ है। जो निराकार है। जो समस्त चराचर का आधार है। इत्यादि ॐ के अनेक अर्थ हैं।

ओम्—यह अव्यय वाचक पद है, तीनों काल में तीनों लिङ्गों में सभी विभक्तियों में सदा एक सा रहने वाला है इसमें किसी प्रकार का विकार नहीं हो सकता है। अतएव विकारी के साथ उसका प्रयोग नहीं होता है, केवल परमात्मा आदि में युक्त होता है।

ॐ इतिस्मरणादेव ब्रह्मज्ञानं परावरम्।
तदेकमोक्षसिद्धिञ्च तमेवामृतमश्नुते॥

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

अर्थ—ॐ के स्मरण मात्र ही से ब्रह्मज्ञान की पराकाष्ठा, मोक्षता-अमरता की सिद्धि को प्राप्त कर लेता है वेदों में ॐ का महत्व भी सुचारु रीति से वर्णन है। ॐ स्मर (यजुर्वेद अ० १५)

अर्थ—ॐ का स्मरण करो।

अ+उ+म्=इनसे "ओम्" यह बना है। ॐ से व्याहृतियां प्रकट हुईं और व्याहृतियों से वेद प्रकट हुये वृहद् हारीति स्मृति में लिखा है कि—सर्वेषामेव मन्त्राणाङ् कारणम्प्रणवः स्मृतः। तस्माद् व्याहृतयोजातास्ताभ्यो वेदत्रयन्तथा ॥ इति ॥ भूः से ऋग्वेद। भुवः से यजुर्वेद। स्वः से सामवेद प्रकट हुआ ॥ "ॐ" के बिना जप पूजन दान आदि कर्म निष्फल हो जाते हैं। ॐ के प्रभाव से विष्णु-विष्णुत्व को। ब्रह्मा ब्रह्मत्व को तथा शिव शिवत्व को प्राप्त हुये हैं। यथा—ॐ इत्येकाक्षरध्यानाद् विष्णुर्विष्णुत्व माप्तवान्। ब्रह्मा ब्रह्मत्वमापन्नः शिवतामभवच्छिवः। इति। ॐ शब्द के बहुत अर्थ हैं यह सब शास्त्रों में विवेचन किया गया है। 'ॐ'यह सभी मन्त्रों का सेतु अर्थात् पुल है—जैसे लोग पुल से शीघ्र पार हो जाते हैं वैसे ॐ की सहायता से साधक शीघ्र मन्त्र के फल को प्राप्त कर लेता है। ॐकार की व्याख्या सुन्दर की गई है अर्थ भी अच्छा किया गया है शास्त्रों में।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

श्री गायत्री महामंत्र

ॐ भूर्भुवः स्वः तत्सवितुर्वरेण्यंभर्गो देवस्यधीमहि धियो योनःप्रचोदयात्

ॐ=ब्रह्म
भूः=प्राणास्वरूप
भुवः=दुःखनाशक
स्वः=सुखस्वरूप
तत्=उस
सवितुः=प्रकाशक
वरेण्यम्=श्रेष्ठ
भर्गः=दुःखनाशक
देवस्य=दिव्यतेजका
धीमहि=ध्यानकरते हैं
धियः=बुद्धि को
यः=जो
नः=हमारी
प्रचोदयात्=प्रेरितकरे

सङ्केत—समस्त भ्रमों को दूर करके ऊपर लिखा ही गायत्री महामन्त्र जपना चाहिए ।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

गायत्री व्याख्या

१–तत्–शब्देन प्रत्यग्भूतं स्वतः सिद्धम्परब्रह्मोच्यते । 'शङ्करभाष्यम्' ।। तदिति अव्ययपदं परोक्षार्थे, इतिसन्ध्या-भाष्यम् ।

२–सविता–षूङ्, प्राणिप्रसवे धातोरिदं रूपम्, सुनोति, सूयते व चराचरञ्जगत् । सूर्यमण्डलान्तर्गतपुरुषः ईश्वरस्त-स्यसवितुरिति (भरद्वाजभाष्यम्) ।

३–वृञ् धातोः प्रार्थनायाम्–एकण्यप्रत्यये कृतेवरेण्य-मिति । अतिश्रेष्ठमित्यर्थः । वरेण्यम्–आश्रयणीयम् ।। वरेण्यम्–अभेदगम्यम् । सर्ववरणीयम् निरतिशयानन्दरूपम् । इत्यनेक आचार्याः ।

४–भर्गः–भेतिभासयतेलोकान् रेतिरञ्जयतेप्रजा ।। गइत्यागच्छतेऽजस्रम्भरगाद्भर्ग उच्यते ।। भ्रस्ज-पाके-इति-धातोः-असुन भर्ग इतिरूपम् (गृह्यपरिशिष्टे)

भर्जन्ति पापानिसंसारजन्ममरणादिदुःखमूलानियेन असौमर्गः (शं० भा०) भञ्जो-आमर्दने । भृजीभर्जने । भ्राजृदीप्तौ । इतिधातूनांरूपम् (भारद्वाजः) ।

५–देवस्य-क्रीडा विजिगीषा व्यवहार द्युति-स्तुतिइत्या-द्यर्थकदिवुधातोः पचाद्यच्-इत्यनेनाच् प्रत्यये-रूपम् । दीव्यति

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

प्रकाशते चराचरञ्जगत्सदेवः प्रकाशः सर्वद्योतनात्मकाखण्ड-चिदेकरसम् (शं० भाष्यम्) दीव्यतिप्रकाशयति । क्रीडति-नन्दयति । इत्यनेकआचार्याः । तस्यदेवस्य

६–धीमहि–धीङ् आधारे– ध्यैचिन्तायाम्–वा–लिङ् ल-कारे "बहुलंछन्दसि" सूत्रेण सिद्धम् । वयन्ध्यायेम-ध्येयतया मनसाधारयेम वा वयम्

७–धीशब्दोवुद्धिवचनः, कर्मवचनो वाग्वचनश्च । (सायणभाष्यम्) धियोधरणवत्योवुद्धयः । विष्णुभाष्यम्) ।

८–यः–अत्र लिङ्गव्यत्ययः यद्भर्गः । यः भर्गोवा (सायण-महीधर भाष्यम्) यःशब्दश्च यदित्यर्थे लिङ्गव्यत्य-यतोभवेत (भारद्वाज-उव्वटभा०) यः-सविता (सायण-महीधरभाष्यम्) । यत्सत्यज्ञानादिलक्षणम् (विद्यारण्य-स्वामी) ।

९–नः–नः–अस्मदीयाः । नः–अस्माकम् । (सायण-भाष्यम्) ।

१०–प्रचोदयात्–प्रेरयेत् । धर्मार्थकाममोक्षेऽस्मदादीनां-वुद्धिं प्रेरयेत्–योजयेत् ।

इतिसङ्क्षेपतो व्याख्या ।

॥ गायत्र्यर्थ ॥

यत् सवितुर्देवस्य वरेण्यमस्माभिर्ध्येयम्-भर्गो जपता-

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

स्पापभञ्जन हेतु भूनम् । धीमह्युपास्महे, तत्तेजोनोऽस्माकन्धियो, वुद्धीः श्रेयस्करेषु कर्मषु प्रचोदयात्, प्रेरयेदित्यर्थः ।

विशेष :–तत्तस्यसवितुर्जगदुत्पादयितुः सर्वान्तर्यामिणस्सूर्यस्य वरेण्यं वरणीयमतिश्रेष्ठमिति भावः । भर्गस्तेजः, देवस्य, द्योतनात्मकस्य दीप्यमानस्येत्यर्थः । धीमहि वयन्ध्यायाम :–चिन्तयामः, धियोधर्मादि विषयिणीर्वुद्धीः यस्सविता नः अस्माकम् प्रचोदयात् प्रेरयेत् । तत्रापिसरलार्थः–यस्सविता-प्रेरयिता । नः- अस्माकम् । धियः–धर्मादिविषयंबुद्धीः । प्रचोदयात् । तत्तस्यसवितुः–प्रेरयतुः सूर्याख्यस्य ब्रह्मणः । देवस्य–दीप्यमानस्य वरेण्यम्, वरणीयम् । भजनीयमिति ! भूरादिसप्तलोकप्रकाशकम् । आपस्वरूपञ्ज्योतिस्स्वरूपम्, रस आनन्दस्वरूपम्, अमृतंमोक्षरूपम्ब्रह्म भूभुर्वःस्वरूपम्, ओङ्कारस्वरूपञ्च भर्गस्तेजोधीमहि ध्यायामः गायान्-प्राणान् त्रायत इति"

॥ गायत्री का अर्थ हिन्दी भाषा में ॥

ओम्–ईश्वर का प्रधान नाम है । भूः–जो प्राणों का प्राण है । भुवः–जो सब दुःखों से मुक्त करने वाला है । स्वः–जो सुख स्वरूप है । जिस परब्रह्म के ध्यान करने से परमसुख प्राप्त होता है । सवितुः–सवस्थावर जङ्गम संसार को उत्पन्न करने वाला । देवस्य–जो सब सुख व कामनाओं को देने वाला है । वरेण्यम्-मानने योग्य । भर्गः–शुद्ध स्वरूप ! तत्–उस पर ब्रह्म परमात्मा को ।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

धीमहि–ध्यान करें। यः–जो सविता देव ईश्वर। नः-हमारी धियः–बुद्धि को। प्रचोदयात्-अच्छे कर्मों में प्रेरित करे।

॥ सरल अर्थ ॥

हम लोग उस पर ब्रह्म परमात्मा का ध्यान करते हैं जो प्राणों का भी प्राण है जो सब दुखों से मुक्त करने वाला है, जो सुख स्वरूप है, जिस ईश्वर के ध्यान से परम सुख प्राप्त होता है; जो चराचर ब्रह्माण्ड को उत्पन्न करने वाला है, जो मानने योग्य है, शुद्ध स्वरूप परब्रह्म परमात्मा है वह सविता देव ईश्वर हमारी बुद्धि को अच्छे कामों में प्रेरित करे (लगावे)—

सङ्केत—शाङ्कर भाष्य में गायत्री विवेचन सुचारु रीति से किया है उन्होंने यहाँ तक लिखा है कि गायत्री मन्त्र में चौबीस अक्षर हैं। प्रति अक्षर के क्रम से श्री वाल्मीकीयरामायण में चौबीस हजार श्लोक समाप्त किये हैं अर्थात्–तपःस्वाध्याय निरन्ततपस्वीवाग् विदांवरम्, यहाँ आरम्भ में ही (त) गायत्री के प्रथमाक्षर का प्रयोग किया है। सहस्त्रश्लोक के बाद पुनः दूसरे अक्षर (स) का प्रयोग किया है। इसी प्रकार श्री वाल्मीकीयरामाय की समाप्ति में अर्थात् चौबीस सहस्त्र समाप्ति में यात् (य) का प्रयोग किया है। पूरे चौबीस अक्षर समाप्त करके गायत्री का रहस्य वर्णन किया है। चौबीस अवतार भी महामन्त्र गायत्री के अनुसार ही माने हैं। विष्णु गायत्री भी चौबीस अक्षर की है।

महीधरभाष्य तया सायणभाष्य उव्वटभाष्य आचार्य रावण भाष्य आदि में भी गायत्री महामन्त्र के अर्थ पर अच्छा विवेचन किया है। तथा भरद्वाज, अगस्त्य, भट्टोजीदीक्षित, वरदराज आदि आचार्यों ने भी अच्छा विवेचन किया है। वृहदारण्यक उपनिषत् में अर्थ का विवेचन अच्छा किया है। सन्त महात्माओं ने अच्छे प्रकार से अर्थ किये हैं। ४० प्रकार के गायत्री महामन्त्र के अर्थ सुनने तथा प्रकाशित देखने में आये हैं– विशेषता अर्थ भेद की केवल बुद्धि वैभव समझ में आया है। केवल श्री गायत्रीमहामन्त्र

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

के पदों को आगे पीछे करके तथा देवता भेद से अर्थ भेद किये हैं। सभी अर्थ मान्य हैं तथा सप्रमाण हैं किन्तु किसी एक अर्थ का ही चिन्तन करते हुये जपादि कर्म करना चाहिए। जिस ऋषि ने जिस अर्थ पर चिन्तन किया है वही अर्थ उस ऋषि का प्रधान रहा है।

गायत्री नाम का छन्द होने से गायत्री नाम है। शाक्तलोग श्री गायत्री की शक्ति रूप से उपासना करते हैं। शैव लोग इसकी उपासना शिवरूप से करते हैं। वैष्णव लोग विष्णुरूप से उपासना करते हैं। त्यागी सन्यासी आदि गायत्री का ध्यान निरवच्छिन्न सर्वस्वरूपात्मक ब्रह्म मानकर हृदयाकाश में करते हैं। इसी प्रकार अपने २ स्वाभीष्ट देवानुसार अर्थ मानकर सभी लोग ध्यानादि करते हैं, अतएव अर्थ में भी भेद होना स्वाभाविक है।

ब्रह्मचारी नोचे क्रम से तीन प्रणव लगाकर जपें। ओम् भूर्भुवः स्वः ओन्तत्सवितुर्वरेण्यम्भर्गो देवस्य-धीमहिधियोयो नः प्रचोदयात्-ओम्। इत्याकारः।

गृहस्थाश्रम वाले दो प्रणव लगातार जपें। ॐ भूर्भुवःस्वः तत्सवितुर्वरेण्यम्भर्गो देवस्यधोमहिधियोयोनःप्रचोदयात् ॐ इत्याकारः।

त्यागियों के लिये एक प्रणव का क्रम है। ॐ भूर्भुवः स्वस्तत्सवितुर्वरेण्यम्भर्गोदेवस्धीमहिधियोयोनः प्रचोदयात्। इत्याकारः।

अजपागायत्रीस्वरूप

ॐ "सोहमस्मि" इयमेवहिपरमहंसमहात्मभिस्सदा ध्यायते मोक्षाखण्डपदार्थोलभ्यते निर्वाणधारातरङ्गोऽप्यस्यामेवगायत्र्याम्—इति।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

पञ्चप्रणवयुक्तगायत्री

ॐ भूर्भुवः स्वः ॐ तत्सवितुर्वरेण्यं ॐ भर्गोदेवस्य धीमहि ॐ धियोयोनः प्रचोदयात् ॐ ।

इस प्रकार जपने से अनन्त फल प्राप्त होता है। तीनपाद क्रमशः पृथक करके जपना चाहिये। यथाप्रथम-पाद — वरेण्यम्पर्यन्त। द्वितीयपाद — धीमहि पर्यन्त। तृतीयपाद–प्रचोदयात्पर्यन्त। इस प्रकार पृथक जपने से भी अनन्त फल प्राप्त होगा।

व्याहृतिगायत्री—भूर्भुवः स्वः महः जनः तपः सत्यम्। १२ अक्षर की है।

त्रिपदागायत्री–यही गायत्री मन्त्र है। तत्सवितुर्वरेण्यम्भर्गोदेवस्यधीमहिधियोयोनः प्रचोदयात्। यहां वरेणियम्–ऐसी योजना से २४ अक्षर होते हैं। यही प्रधान ब्रह्मगायत्री है। यहां तीन पाद हैं--चतुर्थपाद (परोरजसेसावदोम) ऐसा है। बहुत से आचार्य पिङ्गल आदि ग्रन्थानुसार चौबीस अक्षरों में ही ६-६ अक्षर का एक-एक चरण मानकर--छन्द गणना शुद्ध मानते हैं। यदि कहीं छन्द में अक्षर पूर्ति न होती हो तो वहाँ "तैद्वैदिकन्नितृच्छन्दोमृत्युञ्जयतुर्यथा" इति प्रमाण से नितृच्नामका

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

छन्द जानना चाहिये। पिङ्गल सूत्र "इयादि पूरणः" इस प्रमाण से 'वरेण्यम्' यहां पर 'वरेणियम्' ऐसा होने से चौबीस अक्षर वाली गायत्री सिद्ध होती है—अर्थात् जहां अक्षर पूर्ति न होती हो वहां 'इयादिपूरणः' इससे यकार को इय् सहित मानना चाहिये। इसी प्रकार जहां कहीं वकार हो वहां 'उव् सहित मानना चाहिये। अतएव 'वरेणियम्' यह वाक्य सिद्ध हो गया।

ॐतत्सवितुर्वरेणियम्भर्गोदेवस्यधीमहिधियोयोनः प्रचोदयात्—ऐसा मन्त्र जपना चाहिये अन्यथा ब्रह्मघाती होती है 'वरेणियम्' कहना चाहिये जप काल में। पाठकालेवरेण्यं-स्याज्जपकालेवरेणियम्। वरेण्यमितियोब्रूयात् सनरो ब्रह्म घातकः॥ इतिब्रह्मपुराणवाक्य से जपकाल में वरेणियम् होना चाहिये। यद्यपि श्री गायत्री महामन्त्र जपने में आचार्य्यों ने अनेक प्रकार के विधान बतलाये हैं—कहीं दो प्रणव लगाकर जप करे। कहीं प्रथम अनुलोम जप करे बाद में त्रिलोम करे। कहीं 'रम्' इस वीज को आदि तथा अन्त में लगा कर जप करे। इत्यादि अनेक विधि से जप करने के नियम बतलाये हैं वशिष्ठ संहिता आदि ग्रन्थों में ॐभूर्भुवः स्वः तत्सवितुर्वरेण्यम् भर्गो देवस्य धीमहिधियोयोनः प्रचोदयात्, इसी प्रकार जपने का विशेष महत्व है। तथापि जिसको जैसे मन्त्र पर अपने-अपने श्री गुरुदेव के कथनानु-

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

सार विश्वास हो वही जप करे । वस्तुतः—ॐ भूर्भुव स्वः तत्सवितुर्वरेण्यम्भर्गोदेवस्यधीमहि धियोयोनःप्रचोदयात्,, यही स्वरूप महामन्त्र का है इसी प्रकार जप करने से सकल कल्याण प्राप्त हो सकते हैं, इस प्रकार का मन्त्र जपा जाये इस पर अनेक आचार्यों की शास्त्रानुसार सम्मति है । अथवा जैसा आचार्य उपदेश करें वैसा जपे ।

॥ गायत्री पुरुष है या स्त्री ॥

"आगच्छवरदे देवित्र्यक्षरे ब्रह्मवदिनी" "गायत्री वेदजननी गायत्रो पापनाशिनी" "गायत्री वेद मातरम्" इत्यादि प्रमाणों से गायत्री स्त्री सिद्ध होती है ऐसी शङ्का नहीं करनी चाहिये "छान्दोग्योपनिषत्—में "गायत्री वाइदं सर्व भूतं यदिदं किञ्चवाग् वैगायत्री वाग्वा इदं सर्वभूतं गायति च त्रायते चेति" तथा च अथर्ववेद में "अथत्वं पुमानसि अथवा कुमारी अथवा कुमारः सर्वशक्तिमानिति" "तस्यभाषा सर्वमिदं विभातीति" इत्यादि अनेक प्रमाणों से गायत्री पुरुष निर्विवाद है । स्त्रीलिङ्गदर्शन तो लिङ्गानुशासनकोशादिवल से है । गायत्री नाम का छन्द है । दारशब्द स्त्री होते हुये तथा स्त्रीलक्षण भी होते हुये पुरुष न होने पर भी पुल्लिग बन जाता है। स्त्रीलक्षण चिह्न न होते हुये भी अचेतन खट्वा शब्द में स्त्रीत्व सिद्ध होता है अतएव लिंग दर्शन से गायत्री में स्त्रीत्व नहीं मानना चाहिए किन्तु ब्रह्मरूप होने से सभी लिंग मानने चाहिए । वस्तुतः निर्विवाद परब्रह्म है, स्त्री के भ्रम में नहीं पड़ना चाहिए । ॐअग्निर्देवता वातोदेवता सूर्योदेवता चन्द्रमा देवता इत्यादि वेदमन्त्र से स्पष्ट

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

है कि देवताओं में लिङ्ग प्रमाण नहीं मानना चाहिए। अन्यथा यहाँ कठिनता होगी सभी स्त्री लिङ्ग में हैं। सूर्य, चन्द्र, अग्नि, वायु, विश्वेदेवा-वृहस्पति वरुण आदि।

शैव लोग गायत्री को शिव रूप से। वैष्णवलोगविष्णुरूप से। शाक्तजन शक्तिरूप से तथा अन्यान्य उपासक भी अपने-अपने स्वाभीष्टानुसार ध्यानादि करते है। सवितुः—इसका सूर्य ही अर्थ है यह नहीं मानना चाहिये। इसके अनेक अर्थ हैं। सविता—अर्थात् स्थावर जंगम को उत्पन्न करने वाला अथवा अन्तर्यामी आदि अनेक अर्थ विद्वान् शास्त्रानुसार करते हैं।

जहाँ एक या तीन या पाँच मुख वाली गायत्री में स्त्री रूप का वर्णन आता है वहाँ महाशक्ति का स्वरूप जानना चाहिए। उपासकों के विश्वास पर अनेक रूप धारण करने वाला ब्रह्म कभी पुरुष कभी स्त्री कुमार युवा आदि वन जाता है। यही पूर्ण निर्णय है। गायत्री छन्द वेद में अनेक प्रकार के हैं किन्तु गायत्री शब्द पङ्कज (कमल) शब्द की तरह योग रूढ़ होने से गायत्री महामन्त्र जो कि चौवीस अक्षरों वाला है उसी का ही बोधक है अन्य मन्त्रों का बोधक नहीं है।

तन्त्र शास्त्र में भी अनेक प्रकार की गायत्री हैं किन्तु वैदिक गायत्री एक ही है—अनेक प्रकार की नही है चूडा-गायत्री-आपोज्योतीरसोऽमृतं ब्रह्मभूर्भुवःस्वः। १४ अक्षर हैं। व्याहृतिगायत्री-ॐभूः ॐ भुवः ॐ स्वः ॐ महः ॐ जनः ॐ तपः ॐ सत्यम्।

इस सप्तप्रणव वाली गायत्री में १९ अक्षर हैं। शताक्षर-

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

एवम्-षष्ट्यक्षर आदिअनेक प्रकार की गायत्रीं हैं किन्तु इनमें भी आचार्य्यों के मत से भिन्न-भिन्न क्रम हैं।

गायत्री महामन्त्र का उद्धार-प्रणवम्पूर्वमुच्चार्य्यभूभुर्व-स्स्वस्ततःपरम् । गायत्रीम्प्रणवञ्चान्तेजपएष उदाहृतः ।

अर्थात्—ॐ भूर्भुवः स्वः तत्सवितुर्वरेण्यम्भर्गो देवस्य धीमहिधियो योनः प्रचोदयात् ॐ । यह महामन्त्र है ।

वस्तुतः ४८ पृष्ठ का ही मन्त्र जपना चाहिये ।

अथगायत्रीगोत्रनिर्णयः ।

तै० आ० प्र० १० अ० २५—श्रीगायत्रीं गोत्र निर्णयः । अग्निर्मुखं ब्रह्मशिरो विष्णुर्हृदयं रुद्रश्शिखा पृथिवी योनिः प्राणापानव्यानोदानसमाना सप्राणा श्वेतवर्णा साङ्ख्यायनसगोत्रा ।

इति—विष्णोर्जनितेति श्रुतिः ।

साङ्ख्यायनो नाम कश्चन ऋषिः तेन समानङ्गोत्रं यस्यास्सा-साङ्ख्यायनसगोत्रा ।

अर्थ—गायत्री का साङ्ख्यान गोत्र है (दे० भा०) । अथवा साङ्कृत्य । (सि०)

॥ अथ षोडशाक्षरा गायत्री ॥

ॐ आपोज्योतीरसोमृतम् ॐ ब्रह्मभूर्भुवः स्वरोम्,

॥ अथ षष्ट्यक्षरागायत्री ॥

ॐ भूः ॐ भुवः ॐ स्वः ॐ महः ॐ जनः ॐ तपः ॐ सत्यम् ॐ तत्सवितुर्व-रेण्यम्भर्गोदेवस्य धीमहिधियोयोनः प्रचोदयात् ॐ अपोज्योतीरसोऽमृतं ब्रह्मभूर्भुवःस्वरोम् ।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

॥ अथ शताक्षरा गायत्री ॥

अ आ इ ई उ ऊ ऋ ॠ ऌ ॡ ए ऐ ओ औ अं अः (१६) (ही) (१) भूर्भुवःस्वः (४) तत्सवितुर्वरेण्यम्भर्गोदेवस्य धीमहिधियोयोनः प्रचोदयात् (२४) आपोज्योतिरसोऽमृतम्ब्रह्मभूर्भुवः स्वरोम् (१६) परोरजसे सावदों (८) ॐ ॐ ॐ ॐ (४) ॐ महः ॐ जनः ॐ तपः ॐ सत्यम् (१२) ॐ ऋग् ॐ यजुः ॐ साम ॐ अथर्व (१३) र (१) ठ (१) समष्टि=१००) इतिशताक्षरा गा० ।

वशिष्ठ संहित में ॐ जातवेदसे इत्यादि मन्त्र के ४३ अक्षर ।= यम्वकंयजामहे–इत्यादि मंत्र के ३३ अक्षर । त्रिपदा गायत्री के २४ अक्षर कुल १०० अक्षर होते हैं । शताक्षरा गायत्री में अनेक मत हैं । यही मत श्री देवी-भागवत में है ।

॥ गायत्री के तीन स्वरूप ॥

गायत्रीनामपूवाह्ने सावित्रीमध्यमे दिने ॥
सरस्वती च सायाह्ने सैवसन्ध्यात्रिपुरुस्मृता ॥१॥
गायत्री ब्रह्मरूपास्यात् सावित्रीरुद्ररूपिणी ॥
सरस्वती विष्णुरूपा उपास्यामूर्तिभेदतः ॥२॥

व्याख्या–गायतांत्राणेन गायत्री नाम । सवितृद्योतनात् सावित्रीतिनाम । जगताम्प्रसवनात् वाग्रूपत्वाच्चसरस्वतीतिनाम ।

हिन्दी भावार्थ–प्रातःकाल में गायत्री ब्रह्मरूपा । माध्यह्न में सावित्री रुद्ररूपा । सायङ्काल में सरस्वती विष्णुरूपा । की उपासना करना चाहिये । कुछ आचार्यों का मत यों है—

प्रातर्बालाचमध्याह्ने यौवनस्था भवेत्पुनः ।
वृद्धा सायम्भगवती चिन्त्यतेमुनिभिः सदा ॥१॥
हंसस्था गरुडारुडा तथावृषभवाहिनी ॥

अर्थ–प्रातःकाल में बाल्यावस्था में हंस पर स्थित रहती है । माध्याह्न

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

में युवावस्था में में गरुड पर स्थित रहतीं हैं। सायंकाल में वृद्धा में वृषभ (बैल) पर सवार रहती हैं। यह मत विशेष मतों में सम्मिलित हैं।

इति श्रीगायत्रीतत्व निर्णयः ॥

शून्यरामनखे (२०३०) वर्षेभाद्रमासे दलेसिते ।
पौर्णमास्यान्दिनेसौम्य इटावामण्डलेशुभे ॥१॥
सलेमपुरके ग्रामे श्री शिवदत्तशास्त्रिणा ।
निवासङ्कुर्वताऽलेखिगायत्रीतत्वनिर्णयः ॥२॥

इटावामण्डलान्तर्गतसलेमपुरग्रामनिवासिनासुधीशिरोमणिश्रीपं०श्यामलालशर्मसूनुनापं० शिवदत्तशर्मशास्त्रिणाश्रीगायत्रीतत्वनिर्णयःसमाप्तः ।



Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

श्रीमान् पूज्य पण्डित श्री शिवदत्त त्रिपाठी शास्त्री जी की रचित-अनुवादित व संशोधित पुस्तकों की सूची नीचे लिखी है।

१—श्रीदेवीस्तोत्रम्	भाषा	टीका	सहितम्	
२—श्रीगुरुस्तोत्रम्	,,	,,	,,	
३—श्रीरामस्तोत्रम्	,,	,,	,,	
४—श्रीशिवस्तोत्रम्	,,	,,	,,	
५—श्रीहनुमत्स्तोत्रम्	,,	,,	,,	
६—श्रीकामदस्तोत्रम्	,,	,,	,,	
७—मन्त्रतत्वविवेचनम्	,,	,,	,,	
८—मन्त्रतत्वविवेचनम्	,,	,,	,,	
९- सावरमन्त्रतत्वविवेचनम्	,,	,,	,,	
१०—वेदान्ततत्वविवेचनम्	,,	,,	,,	
११—जीवनतत्वविवेचनम्	,,	,,	,,	
१२—श्रीगायत्रीतत्वविवेचनम्	,,	,,	,,	
१३—श्रीवैयाकरणभूषणसारतत्वविवेचनम्	,,	,,	,,	
१४—श्रीशिवसूत्ररहस्यम्	,,	,,	,,	
१५—श्रीनायणीशकुनावली	,,	,,	संहिता	
१६—हरिवंशपुराणश्रवणविधिः				
१७—शक्तिपीठनिर्णयः।				
१८—तन्त्रदुर्गासप्तशती				
१९—श्रीगायत्रीतत्वनिर्णयः				

EP
ELORA PRINTERS
KANPUR

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi